# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–22 दिसंबर 2024 सान्ध्य समाचार

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा–2024 आज प्रदेश के 75 जिलों में कुल तेरह सौ इकतीस परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हो गयी। परीक्षा को सकुशल, नकलविहीन और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए आयोग की ओर से सभी जरूरी इंतजाम किये गये थे। परीक्षा की निगरानी सीसी कैमरों से करायी गयी। सभी अभ्यर्थियों को बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया गया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ सभागार में सुबह की परम्परागत पूजा–अर्चना के बाद जनता दर्शन किया। इस दौरान उन्होंने करीब एक सौ पचास लोगों की समस्या सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिये तत्पर और संकल्पित है। साथ ही, सभी की समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिये प्रतिबद्ध भी है। जनता दर्शन में लोगों की समस्या सुनते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह जन समस्याओं के निस्तारण में संवेदनशीलता दिखायें।

**********

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्रधिकरण ने संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा 2023 के परिणामों के संबंध में भ्रामक दावों का विज्ञापन करने के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग करने वाले एक संस्थान पर दो लाख रूपये का जुर्माना लगाया है। उपभोक्ता कार्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि इस प्रशिक्षण संस्थान ने अपने प्रशिक्षण विज्ञापन में दावा किया था कि संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा 2023 में शीर्ष सौ परीक्षार्थियों में से 13, शीर्ष 200 में 28 और शीर्ष 300 में 39 परीक्षार्थी उसके संस्थान से हैं जो कि भ्रामक दावा है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नवनियुक्त युवाओं को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से 71 हजार से ज्यादा नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री लोगों को संबोधित भी करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि यह मेला राष्ट्र निर्माण और स्वरोजगार में युवाओं को भागीदारी का अवसर प्रदान करेगा।

**********

यूपी बोर्ड द्वारा इंटरमीडिएट की प्रायोगिक परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। यह परीक्षाएं 23 जनवरी से शुरु हो कर आठ फरवरी तक चलेंगी। पहले चरण में 23 से 31 जनवरी तक आगरा, सहारनपुर, बरेली, लखनऊ, झांसी, चित्रकूट, अयोध्या, देवीपाटन और बस्ती मंडल में परीक्षा करायी जाएगी। जबकि दूसरे चरण में एक से आठ फरवरी तक अलीगढ़, मेरठ, मुरादाबाद, कानपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी और गोरखपुर मंडल के जिलों में परीक्षा होगी।

**********

महाकुम्भ 2025 दिव्य–भव्य होने के साथ ही डिजिटल भी होने जा रहा है। ऐसे में सुरक्षा प्रबंधन के दृष्टिगत महाकुम्भ मेले में एडवांस्ड एआई डेटाड्रिवन, डेटा एनालिटिक्स सॉल्यूशन सिस्टम को लागू करने की प्रक्रिया की शुरुआत हो गई है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***महाकुम्भ के दौरान सुरक्षा से लेकर अन्य इंतजामों के लिए तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। महाकुंभ मेला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक–एसएसपी राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि इस प्रक्रिया को पूरा करने और सर्विलांस के लिए एक विशिष्ट टीम का गठन होगा, जो इस सिस्टम को लागू करने, प्रत्येक पुलिसकर्मियों और सुरक्षा स्टाफ को ट्रेंड करने साथ ही विभिन्न प्रकार के रिपोर्ट्स के निर्धारण एवं निर्माण में मददगार साबित होगी। एसएसपी ने बताया कि इस सिस्टम से पुलिस का सर्विलांस और अधिक मजबूत हो जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ ही मेला संचालन के लिए प्रभावी रणनीति बनाई जा सकेगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से ओम अवस्थी।***

**********

मध्य रेलवे ने प्रदेश के प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ मेले के लिए चौंतीस विशेष रेलगाड़ियां चलाने की घोषणा की है। तेरह जनवरी से छब्बीस फरवरी तक चलने वाले मेले के लिये यह विशेष रेलगाड़ियाँ मुंबई, पुणे, नागपुर और अन्य शहरों से चलाई जायेंगी। कुंभ मेले के लिए विशेष रेलगाड़ियों की टिकट बुकिंग शुरू हो गयी है। इन विशेष रेलगाड़ियों में बिना आरक्षण के भी यात्रा की जा सकेगी। इधर पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने भी महाकुंभ मेले को देखते हुए चार एक्सप्रेस ट्रेनों के दस जनवरी से अट्ठाइस फरवरी तक नैनी स्टेशन पर दो मिनट के अस्थाई ठहराव का निर्णय लिया है।

**********

प्रदेश के गोरखपुर सहित लगभग सभी पूर्वी जिलों में कोहरे का प्रभाव बढ़ गया है। दिन में भी धुंध के छाये रहने से धूप की चमक फीकी हुयी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो से तीन दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा और देर रात से लेकर सुबह तक कोहरा छाया रहेगा। कोहरे के प्रभाव के चलते तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जायेगी।

**********